प्राप्त किया जाता है और इस प्रकार से की गई जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाती है ।

(ग) और (घ) तत्कालीन मुख्य महाप्रबंधक राजस्थान दूरसंचार सर्किल के विरुद्ध टूल बैगों की खरीद, तार फार्मों आदि की छपाई के बारे म आरोप की शिकायतें प्राप्त हुई थी इन शिकायतों की जांच की गई और इनमें कोई तथ्य नहीं पाए गए । जुलाई 1985 से जुलाई 1992 तक मुख्य महाप्रबंधक राजस्थान सर्किल का पद संभालते रहे ।

उत्तर प्रदेश में डाकघर भवनों का निर्माण

3683. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में डाकघरों के लिए भवनों के निर्माण का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इसका जिलेवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री पी० शी० रंगैया नायडू) : (क) जी हां । तथापि, विभाग की नीति बड़े डाकघरों के लिए भवन बनाने की है । इस मानदण्ड को ध्यान में रखते हुए और धनराशि की उपलब्धता के आधार पर सरकार का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश में डाकघर भवनों का निर्माण करने का है ।

(ख) विवरण संलग्न है । **(नीचे देखिए)**

(ग) उपर्युक्त (क) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

उत्तर प्रदेश में निर्माण किए जाने के लिए प्रस्तावित डाकघर भवनों का जिलावार ब्यौरा

जिला	स्थान
फतेहपुर	1. फतेहपुर
	2. हटगांव
गाजियाबाद	3 कविनगर
कानपुर	4. अनवरगंज
	5. किदवई नगर
	6. पंकी
फर्रुखाबाद	7. करीमगंज (फतेहगंज)
	8. कन्नौज
	9. फतेहगढ़
	10. मलवान (फतेहगढ़)
बांदा	11. पिलानी
	12. बांदा

जिला	स्थान
अल्मोड़ा	13. अल्मोड़ा
,,	14. कौसानियां
मुरादाबाद	15. मुरादाबाद
	16. अमरोहा
पिथौरागढ़	17. पिथौरागढ़
	18. मुनशीयारी
एटा	19. एटा
बहराइच	20. शंकरपुर
	21. परकोलिया
बलिया	22. बंधनान
आजमगढ़	23 नगरा
प्रतापगढ़	24. बोहरीया:
इलाहाबाद	25. लालगंज
फैजाबाद	26. इलाहबाद सिटी
लखनऊ	27. फैजाबाद
	28. गोमतीन गर
	29. इंदिरा नगर
नैनीताल	30. ट्रांसपोर्टनगर
	31. कोटाबाग
बरेली	32. पीलीभीत सिटी
	33. भामोरा
	34. मीरगंज
जालौन	35. बिसारथगंज
आगरा	36. ऊरई
गोरखपुर	37. संजय प्लेस आगरा
सहारनपुर	38. गोरखपुर
चमोली	39. बबाइल बुजुर्ग
मेरठ	40. गौचर
मुजफ्फरनगर	41. आर०पी० रोहल्ला
सुल्तानपुर	42. थाना भवन
	43. औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर

केबल डाले जाने से संबंधित नियम

3684. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संचार विभाग के अंतर्गत केबल डालने से संबंधित क्या-क्या नियम हैं और इसके लिए किन-किन बातों को ध्यान में रखा जाता है ;

(ख) क्या यह सच है कि इन नियमों का पूरी तरह से पालन नहीं किया जा रहा है ;

(ग) नियमों के अनुसार केबल डालने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है और उन्हें क्या सजा दी गई है ; और